LIBRARY

SCHOOL OF PLANNING AND ARCHITECTURE, BHOPAL

S.No.-02 **(September 2023)**

दैनिक भास्कर (सिटी भास्कर)	Page – 02	29/09/2023

एसपीएः नेशनल कॉन्फ्रेंस आज से, 19 राज्यों के 100 डेलीगेट्स होंगे शामिल

सिटी रिपोर्टर। 1000 साल के भारत के मंदिर निर्माण शैली के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए स्कूल ऑफ प्लनिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) की ओर से नेशनल लेवल कॉन्फ्रेंस का आयोजन होने जा रहा है। 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य आकर्षण इसके तहत आयोजित एग्जीबिशन होगी, जिसमें टैम्पल आर्किटेक्चर पर तैयार 3-डी मॉडल्स डिस्प्ले होंगे। यह एग्जीबिशन 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी, जिसमें होटोग्राफिक टैम्पल डिस्प्ले, मेक योर ओन टैम्पल, क्रिएटिंग गवाक्ष, आशापुरी ग्रुप ऑफ टैम्पल्स आदि विषय पर एग्जीबिट्स और डिस्प्ले होंगे। कॉन्फ्रेंस में 19 राज्यों के 100 से ज्यादा डेलीगेट्स शामिल होंगे।